कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांक– 78 /FP/UK/ROAD/50231/2020 :देहरादूनः दिनांकः 07 जुलाई, 2021

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– मा0मु0घो0सं0 88/2014 अन्तर्गत जनपद–अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत नैनी से ग्राम क्वैराली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.4175 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा का पत्रांक 4524/12–1 दि0 07–06–2021.

महोदय,

प्रभागीय वनाधिकारी, सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा का उक्त सन्दर्भित पत्र, जो कि आपके माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि विषयांकित प्रस्ताव में इंगित कमियों का निराकरण कर प्रस्ताव आपके कार्यालय को प्रेषित किये जा चुके हैं। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रकरण में इस कार्यालय के पत्र दिनांक 15–06–2021 के द्वारा चाही गई सूचना की मूल प्रति आतिथि तक इस कार्यालय को प्रेषित नहीं की गयी है व न ही प्रस्ताव की हार्ड प्रतियां (03 प्रति) इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी हैं, जिसके अभाव में प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी सम्भव नहीं हो पा रही है। उपरोक्तानुसार सूचना/प्रस्तावों की प्रतियां उपलब्ध होने के उपरान्त ही प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी सम्भव होगी।

अतः उक्तानुसार सूचना मूल प्रति में प्रस्ताव सहित इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या :– /FP/UK/ROAD/50231/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपिः– प्रभागीय वनाधिकारी, सिविल एवं सोयम वन प्रभाग, अल्मोड़ा के पत्रांक 4524/12–1 दिनांक 07–06–2021 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।